# CBSE

अभ्यास प्रश्नपत्र

विषय : हिंदी (कोड-002)

**कक्षा : X | सत्र : 2023-24**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश –**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं – खंड **'अ'** और **'ब'**। खंड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड **'अ'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। निर्देशानुसार 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
4. खंड **'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. प्रश्नों के उत्तर लिखते समय क्रम संख्या अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

| **खंड 'अ'** | **वस्तुपरक प्रश्न** | **40 अंक** |
|---|---|---|

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5x1=5)

एक इतालवी कहावत है, "ईश्वर करे कि आपके दुख उतने ही अल्पायु रहें, जितने कि आपके नव वर्ष के संकल्प होते हैं।" हर कोई स्वस्थ रहना चाहता है, सफल होना चाहता है; लेकिन क्या हर कोई इसकी पात्रता रखता है? आपको जीवन में वह नहीं मिलता, जो आप चाहते हैं; बल्कि वह मिलता है, जिसके आप योग्य होते हैं या जिसके पात्र होते हैं। अपनी इच्छा को पात्रता में कैसे बदल सकते हैं? इच्छा के साथ जब 'निरंतर निर्देशित स्व-प्रेरित प्रयास' जुड़ जाता है, तब वह पात्रता बन जाती है।

थॉमस एडीसन ने कहा है, "प्रतिभावान होने में 1 प्रतिशत प्रेरणा और 99 प्रतिशत प्रयास होता है।" मेरे एक मित्र ने एक बार टिप्पणी की थी, "यदि मैं उतना समझदार नहीं हूँ, जितने कि अन्य लोग हैं तो मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता। यह तो ईश्वर की गलती है। मैं यदि भावनात्मक रूप से उतना दृढ़ नहीं हूँ तो भी मैं क्या कर सकता हूँ? यह तो मेरे लालन-पालन में हुई गलती है लेकिन यदि मैं अन्य लोगों से ज़्यादा प्रयास नहीं करता हूँ तो इसमें कोई बहाना नहीं चलेगा क्योंकि यह तो मेरी ही गलती है।"

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

नव वर्ष में लिए गए संकल्प कभी फ़रवरी का मुँह भी नहीं देख पाते। सफलता के रहस्यों में से एक रहस्य है कि हम 'सेल्फ़ स्टार्टर' बनें, न कि 'किक स्टार्टर।' केवल स्व-प्रेरणा ही उस प्रेरणा को बनाए रखती है। पीटर ड्रकर का कहना है, "इससे अधिक निरर्थक कुछ और नहीं है कि उस कार्य को बड़ी कुशलतापूर्वक किया जाए, जिसे किया ही नहीं जाना चाहिए था।"

*स्रोत (संपादित) - अप्रेषित पत्र, टी.टी रंगराजन, अनुवादक- अचलेश चंद्र शर्मा, पृ.सं.- 170-171*

1 किसके अभाव में नए साल के संकल्प अल्पायु रह जाते हैं? 1

(a) पारिवारिक सहयोग के

(b) आर्थिक संपन्नता के

(c) सामाजिक रुतबे के

(d) दृढ़ इच्छाशक्ति के

2 *'इच्छा के साथ जब 'निरंतर निर्देशित स्व-प्रेरित प्रयास' जुड़ जाता है, तब वह पात्रता बन जाती है।'* 1

उपर्युक्त कथन के अनुसार 'पात्रता' के लिए कौन-सी बात आवश्यक नहीं है?

(a) अभिलाषा

(b) दृढ़ निश्चय

(c) सफलता

(d) परिश्रम

3 *सफलता प्राप्त करने हेतु लिए गए संकल्प तभी पूरे होंगे जब ____________________।* 1

रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

(a) हम योग्य बने रहेंगे

(b) हम दूसरों को प्रेरित करते रहेंगे

(c) हम प्रतिभावान लोगों के साथ रहेंगे

(d) हम लक्ष्य को लेकर कोशिश करते रहेंगे

4 *कथन (क) : हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनवरत प्रयासरत रहना चाहिए।* 1

*कथन (ख) : कई बार उचित समय की प्रतीक्षा हेतु हमें स्वयं को निष्क्रिय भी करना पड़ता है।*

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) कथन (क) और (ख) दोनों सही हैं।

(b) कथन (क) सही और (ख) गलत है।

(c) कथन (क) गलत और (ख) सही है।

(d) कथन (क) और (ख) दोनों गलत हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

5 उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है? 1

(a) कुशलतापूर्वक और सच्ची निष्ठा से कार्य करें

(b) भाग्यवाद छोड़ें और कर्मवाद अपनाएँ

(c) आत्मविश्वासी और ईमानदार बनें

(d) समझदार और भावुक बनें

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5x1=5)**

मधुर! बादल, और बादल, और बादल आ रहे हैं,
और संदेशा तुम्हारा बह उठा है, ला रहे हैं।

गरज में पुरुषार्थ उठता, बरस में करुणा उतरती,
उग उठी हरीतिमा क्षण-क्षण नया श्रृंगार करती।
बूँद-बूँद मचल उठी हैं, कृषक-बाल लुभा रहे हैं,
नेह! संदेशा तुम्हारा बह उठा है, ला रहे हैं।

तड़ित की तह में समाई मूर्ति दृग झपका उठी है,
तार-तार की धार तेरी, बोल जी के गा उठी हैं।
पंथियों से, पंछियों से नीड़ के रुख जा रहे हैं,
मधुर! बादल, और बादल, और बादल आ रहे हैं।

झाड़ियों का झूमना, तरु-वल्लरी का लहलहाना,
द्रवित मिलने के इशारे, सजल छुपने का बहाना।
तुम नहीं आए, न आवो, छवि तुम्हारी ला रहे हैं,
मधुर! बादल, और बादल, और बादल छा रहे हैं।

और संदेशा तुम्हारा बह उठा है, ला रहे हैं।

*- माखनलाल चतुर्वेदी*

*स्रोत (संपादित) : 'मधुर! बादल, और बादल, और बादल'- https://hindimatra.com/makhanlal-chaturvedi-poems-in-hindi/*

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

1 *'तुम नहीं आए, न आवो, छवि तुम्हारी ला रहे हैं,* 1
*मधुर! बादल, और बादल, और बादल छा रहे हैं।।'*
उपर्युक्त पंक्तियों में __________ की छवि लाने की बात कही जा रही है।
(a) आकाश
(b) बारिश
(c) बादल
(d) संसार

2 *कथन (A) : गरजते हुए बादल किसानों के लिए बारिश का संदेश ला रहे हैं।* 1
*कारण (R) : अत्यधिक बारिश कृषि उत्पादों के लिए अनुकूल परिवेश का निर्माण करती है।*

उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प पहचानिए।
(a) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(c) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
(d) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है।

3 *'तड़ित की तह में समाई मूर्ति दृग झपका उठी है,* 1
*तार-तार की धार तेरी, बोल जी के गा उठी हैं।'*

उपर्युक्त पंक्तियों में मेघ किसकी ओट में अपनी आँखें झपका रहा है?
(a) झूमती हुई झाड़ियों की
(b) बिजली की परतों की
(c) नीले आसमान की
(d) पानी की बूँदों की

4 उपर्युक्त कविता का मुख्य विषय ______________ का मोहक वर्णन करना है। 1
(a) आसमान की काली घटाओं
(b) बादल और बिजली के मिलन
(c) हरे-भरे पेड़-पौधों की सुंदरता
(d) बादलों के आगमन से प्रकृति के उत्साह

5 *गरज में पुरुषार्थ उठता, बरस में करुणा उतरती,* 1
*उग उठी हरीतिमा क्षण-क्षण नया श्रृंगार करती।*

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

रेखांकित शब्दों के आधार पर उपर्युक्त पंक्तियों में __________ अलंकार है।

(a) श्लेष

(b) उपमा

(c) अनुप्रास

(d) मानवीकरण

**प्रश्न 3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x1=4)**

1 *(क) भारतीय नौसेना को विध्वंसक पोत मिलने वाला है।* 1

*(ख) गोविंद भोग के अलावा चावल की एक और दुर्लभ किस्म है।*

*(ग) यदि आप लेखक बनना चाहते हैं तो अपने लेख इस पते पर भेजें।*

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सरल वाक्य वाला विकल्प चुनिए।

(a) केवल (ग)

(b) केवल (ख)

(c) केवल (क) और (ख)

(d) केवल (ख) और (ग)

2 स्तंभ (I) और (II) के सही मिलान वाला विकल्प पहचानिए। 1

| **स्तंभ (I)** | **स्तंभ (II)** |
|---|---|
| (क) सरल वाक्य | (i) मैंने अभ्यास किया इसलिए सफलता मिली। |
| (ख) संयुक्त वाक्य | (ii) यदि जाँच की होती तो खराब सामान न आता। |
| (ग) मिश्र वाक्य | (iii) शिक्षार्जन मेरे लिए मज़ेदार अनुभव रहा। |

(a) (क)-(i), (ख)-(ii), (ग)-(iii)

(b) (क)-(ii), (ख)-(i), (ग)-(iii)

(c) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)

(d) (क)-(iii), (ख)-(ii), (ग)-(i)

3 *कथन (क) : यह इकाई कविताएँ गुनगुनाने के बारे में है।* 1

*कथन (ख) : यह इकाई इस बारे में है कि कविताओं को कैसे गुनगुनाया जाए।*

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प चुनिए।

(a) कथन (क) उपवाक्य और कथन (ख) मिश्र वाक्य है।

(b) कथन (क) सरल और कथन (ख) संयुक्त वाक्य है।

(c) कथन (क) संयुक्त और कथन (ख) मिश्र वाक्य है।

(d) कथन (क) सरल और कथन (ख) मिश्र वाक्य है।

4 *(क) पेड़ पर चिड़िया बैठी है__________ वह कुछ गा रही है। (संयुक्त वाक्य)* 1

*(ख) __________ ही चिड़िया पेड़ पर बैठी__________ ही गाने लगी। (मिश्र वाक्य)*

कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनिए।

(a) (क) और, (ख) ज्यों, त्यों

(b) (क) ताकि, (ख) जैसे, तैसे

(c) (क) इसलिए, (ख) जो, वो

(d) (क) कि, (ख) जहाँ, वहाँ

5 *मुझे प्रथम आना था__________ नहीं आ सकी।* 1

उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य बनाने के लिए उचित संयोजक चुनिए।

(a) एवं

(b) वरन

(c) बल्कि

(d) लेकिन

**प्रश्न 4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(4x1=4)**

1 *(क) इस कड़कती धूप में मज़दूर द्वारा भोजन भी नहीं किया जाता।* 1

*(ख) इस कड़कती धूप में अब और नहीं चला जाता।*

कथन (क) कर्मवाच्य है क्योंकि इसमें __________ है और कथन (ख) भाववाच्य है क्योंकि इसमें __________ है।

(a) कर्म की प्रधानता, कर्ता अनुपस्थित

(b) कर्ता अनुपस्थित, कर्ता उपस्थित

(c) कर्म अनुपस्थित, कर्ता उपस्थित

(d) कर्ता उपस्थित, कर्म प्रधान

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कर्तृवाच्य की पहचान नहीं है? 1

(a) कर्ता के साथ 'ने' परसर्ग का प्रयोग किया जाता है।

(b) सकर्मक और अकर्मक दोनों क्रियाएँ हो सकती हैं।

(c) कर्ता के लिंग और वचन के अनुसार क्रिया होती है।

(d) कर्ता के साथ 'से', 'के द्वारा' परसर्गों का प्रयोग होता है।

3 *(क) दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं।* 1

*(ख) दादा जी से अखबार पढ़ा जा रहा है।*

उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर सही विकल्प पहचानिए।

(a) (क) कर्मवाच्य का उदाहरण है।
(ख) उसका कर्तृवाच्य में रूपांतरण है।

(b) (क) कर्तृवाच्य का उदाहरण है।
(ख) उसका कर्मवाच्य में रूपांतरण है।

(c) (क) कर्तृवाच्य का उदाहरण है।
(ख) उसका भाववाच्य में रूपांतरण है।

(d) (क) कर्मवाच्य का उदाहरण है।
(ख) उसका भाववाच्य में रूपांतरण है।

4 *(क) माँ शिमला गई हैं।* 1

*(ख) माँ द्वारा शिमला जाया जा रहा है।*

उपर्युक्त वाक्यों के लिए सही वाच्य भेद वाला विकल्प चुनिए।

(a) (क) कर्तृवाच्य, (ख) कर्मवाच्य

(b) (क) कर्तृवाच्य, (ख) भाववाच्य

(c) (क) कर्मवाच्य, (ख) कर्तृवाच्य

(d) (क) कर्मवाच्य, (ख) भाववाच्य

5 *'उससे तैरा नहीं जाएगा।' यह भाववाच्य का उदाहरण है।* 1

***कारण***

*(क) क्रिया का भाव प्रधान है तथा अकर्मक क्रिया है।*

*(ख) क्रिया पुल्लिंग, एकवचन और अन्य पुरुष में दी गई है।*

*(ग) भाववाच्य क्रिया का रचना सूत्र- अकर्मक + आ + आना दिया गया है।*

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उपर्युक्त वाक्य के लिए सबसे उचित कारण वाला विकल्प चुनिए।

(a) केवल (क) और (ख) सही है।

(b) केवल (क) और (ग) सही है।

(c) केवल (ख) और (ग) सही है।

(d) केवल (ग) सही है।

**प्रश्न 5. 'पद परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(4x1=4)**

1 *राकेश झटपट यह कार्य कर लेगा।* 1

*रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'कर लेगा' क्रिया की विशेषता बताने वाला*

उपर्युक्त पद परिचय वाक्य के किस पद के लिए है?

(a) राकेश

(b) झटपट

(c) यह कार्य

(d) कर लेगा

2 *महक जल्दी घर पहुँच गई।* 1

वाक्य में रेखांकित पद का परिचय पहचानिए।

(a) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल

(b) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल

(c) सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल

(d) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमान काल

3 *अमित के लिए थोड़ी मिठाई लेकर आइए।* 1

रेखांकित पद के परिचय को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनिए।

__________ विशेषण, '__________' विशेष्य का विशेषण, __________, बहुवचन।

(a) अनिश्चित परिमाणवाचक, मिठाई, स्त्रीलिंग

(b) निश्चित परिमाणवाचक, मिठाई, स्त्रीलिंग

(c) सार्वनामिक, मिठाई, पुल्लिंग

(d) गुणवाचक, मिठाई, पुल्लिंग

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

4 *नेताजी ने आप लोगों को बुलाया है।* 1

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद का सही परिचय पहचानिए।

(a) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्म कारक

(b) निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक

(c) संबंधवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्म कारक

(d) संबंधवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

5 *अनमोल (अविनाश से) : ब्रजेश कैसा लड़का है?* 1

*अविनाश (अनमने ढंग से) : वह लड़का __________ बातें बनाता है।*

निम्नलिखित पद परिचय के आधार पर रिक्त स्थान के लिए उचित पद चुनिए।

*अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, 'बातें' विशेषण का विशेष्य, बहुवचन*

(a) बेसिर पैर की

(b) अटपटी

(c) विचित्र

(d) बहुत

**प्रश्न 6. 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(4x1=4)**

1 कथन (A) : प्रियतम बतला दो लाल मेरा कहाँ है? 1

कारण (R) : लाल के दो अर्थ होने के कारण इस पंक्ति में श्लेष अलंकार है।

(a) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(b) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।

(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

2 स्तंभ (I) और स्तंभ (II) के सही मिलान वाला विकल्प चुनिए। 1

| **स्तंभ (I)** | **स्तंभ (II)** |
|---|---|
| (क) कढ़त साथ ही म्यान तें, असि रिपु तन ते प्रान। | (i) मानवीकरण अलंकार |
| (ख) गुलाब खिलकर बोला- मैं आग का गोला नहीं, प्रीत की कविता हूँ। | (ii) श्लेष अलंकार |
| (ग) मधुबन की छाती को देखो, सूखी इसकी कितनी कलियाँ। | (iii) अतिशयोक्ति अलंकार |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(a) (क)-(ii), (ख)-(i), (ग)-(iii)
(b) (क)-(i), (ख)-(iii), (ग)-(ii)
(c) (क)-(iii), (ख)-(ii), (ग)-(i)
(d) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)

3 *पड़ी अचानक नदी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।* 1
*राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।।*

*उपर्युक्त पंक्तियों में __________ अलंकार है।*
(a) श्लेष
(b) उत्प्रेक्षा
(c) मानवीकरण
(d) अतिशयोक्ति

4 निम्नलिखित में से सही कथन पहचानिए। 1
(a) उपमेय से उपमान की तुलना होने पर उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।
(b) पंक्ति में किसी बात को घुमा-फिराकर कहने पर अतिशयोक्ति अलंकार होता है।
(c) एक शब्द के अधिक बार प्रयोग होने पर उनके अर्थ भी भिन्न होने से श्लेष अलंकार होता है।
(d) जड़ पदार्थों पर मानवीय क्रियाएँ करने का आरोप लगाने पर मानवीकरण अलंकार होता है।

5 *(क) फूले कास सकल महि छाई। जनु रसा रितु प्रकट बुढ़ाई।।* 1
*(ख) मानो माई घन घन अंतर दामिनी।*
*(ग) उषा सुनहरे तीर बरसाती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।*

उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों को पहचानकर उचित विकल्प चुनिए।
(a) (क) और (ख) में श्लेष और (ग) में अतिशयोक्ति अलंकार है।
(b) (क) और (ख) में उत्प्रेक्षा और (ग) में मानवीकरण अलंकार है।
(c) (क) में श्लेष, (ख) में उत्प्रेक्षा और (ग) में अतिशयोक्ति अलंकार है।
(d) (क) में मानवीकरण, (ख) में श्लेष और (ग) में उत्पेक्षा अलंकार है।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(5x1=5)**

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुज़रते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है? पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिज़ाज़ आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों-ही-आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है।

क्या करता है? हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए।

चश्मा चेंज करता है। पानवाले ने समझाया।

1 हालदार साहब ने चौराहे पर रुकने की आदत क्यों डाली? 1

(a) उन्हें पानवाले के पान आकर्षित करते थे।

(b) उन्हें पानवाले से बातें करना अच्छा लगता था।

(c) उन्हें चश्मे के बदलते फ्रेम देखने में आनंद आता था।

(d) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी।

2 गद्यांश में हालदार साहब के लिए 'दुर्दमनीय' शब्द का प्रयोग किया गया है क्योंकि ________________। 1

(a) उनकी उत्सुकता बढ़ गई थी

(b) वे स्वयं पर नियंत्रण कर रहे थे

(c) वे पानवाले से प्रश्न करने में हिचकिचा रहे थे

(d) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था

3 गद्यांश में पानवाले के ___________ और ___________ का सजीव वर्णन किया गया है। 1

(a) शारीरिक गठन, भाव-भंगिमाओं

(b) भावनात्मक विचार, सदाचार

(c) मानवीय विचारों, निपुणता

(d) दैनिक अनुभव, स्फूर्ति

4 हालदार साहब को पानवाले की बात समझ में नहीं आ रही थी क्योंकि ______________________। 1

(a) उन्हें पानवाले की बात पर अविश्वास था

(b) पानवाला आधा-अधूरा उत्तर दे रहा था

(c) पानवाले के मुँह में पान ठुँसा हुआ था

(d) उनके स्वभाव में थोड़ी नासमझी थी

5 *कथन (क) : कैप्टन द्वारा नेताजी का चश्मा बदलना पानवाले के लिए हास्य का विषय था।* 1

*कथन (ख) : चश्मेवाले द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाना देशभक्तों के प्रति सम्मान था।*

*कथन (ग) : हालदार साहब के लिए चश्मे का बदलना व्यंग्य का विषय था।*

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) कथन (क) सही किंतु (ख) और (ग) गलत हैं।
(b) कथन (क) गलत किंतु (ख) और (ग) सही हैं।
(c) कथन (क), (ख) सही हैं किंतु (ग) गलत है।
(d) कथन (क), (ख) और (ग) तीनों सही हैं।

**प्रश्न 8. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(2x1=2)**

1 *'सीट के नीचे से लोटा उठाकर खीरों को खिड़की से बाहर धोया और तौलिए से पोंछ लिया। जेब से चाकू निकाला। दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला। फिर खीरों को बहुत एहतियात से छीलकर फाँकों को करीने से तौलिए पर सजाते गए।'* 1

उपर्युक्त क्रियाकलापों से नवाब साहब क्या संप्रेषित करना चाहते थे?
(a) अनुशासित जीवन
(b) सादगी से भरा जीवन
(c) खानदानी रईसों का ढंग
(d) ट्रेन में खीरे खाने का तरीका

2 *कथन (क) : सभ्यता साधन है जबकि संस्कृति साध्य है।* 1
*कथन (ख) : सभ्यता बताती है कि 'हमारे पास क्या है!' और संस्कृति बताती है कि 'हम क्या हैं!'*

'संस्कृति' पाठ के आधार पर उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए।
(a) कथन (क) और कथन (ख) दोनों गलत हैं।
(b) कथन (क) गलत है किंतु कथन (ख) सही है।
(c) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसकी सही व्याख्या है।
(d) कथन (क) सही है किंतु कथन (ख) उसकी गलत व्याख्या है।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(5x1=5)**

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।

बालकु बोलि बधौं नहि तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।

1 सारा संसार महाबाहु परशुराम को ____________________ के रूप में जानता है। 1

(a) ऋषि भृगु के शिष्य

(b) क्षत्रियों को बचाने वाले

(c) ऋषि विश्वामित्र के भक्त

(d) क्षत्रियों का संहार करने वाले

2 परशुराम क्रोधित होने पर भी __________ की वजह से लक्ष्मण पर आक्रमण नहीं कर रहे थे। 1

(a) श्रीराम

(b) गुरु विश्वामित्र

(c) लक्ष्मण के क्रोधित होने

(d) लक्ष्मण को बालक समझने

3 *कथन (क) : परशुराम ने सहस्रबाहु को छोड़कर सभी राजाओं का फरसे से वध कर डाला था।* 1
*कथन (ख) : परशुराम ने पृथ्वी को राजाओं से रहित कर दिया था।*

दिए गए कथनों के लिए सही विकल्प पहचानिए।

(a) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसका गलत कारण है।

(b) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसका सही कारण है।

(c) कथन (क) गलत और कथन (ख) सही है।

(d) कथन (क) और कथन (ख) दोनों सही हैं।

4 लक्ष्मण के अनुसार धनुष तोड़ने में राम का कोई दोष नहीं था क्योंकि ____________________। 1

(a) धनुष को चलाने पर वह खुद से टूट गया था

(b) धनुष तोड़ने के लिए कहा गया था

(c) धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था

(d) धनुष बहुत पुराना हो गया था

5 परशुराम बार-बार लक्ष्मण को फरसा क्यों दिखा रहे थे? 1

(a) दरबार के दूसरे लोगों को चेतावनी देने के लिए

(b) अपना क्रोधी इतिहास बताने के लिए

(c) दरबारियों को वहाँ से भगाने के लिए

(d) लक्ष्मण को डराने के लिए

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 10. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2x1=2)

1 *"यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।* 1
*भूलें अपनी या प्रवंचना औरों को दिखलाऊँ मैं।"*

*कथन (क) : कवि लोगों द्वारा ठगे गए हैं।*
*कथन (ख) : कवि स्वयं को हँसी का पात्र मानते हैं।*
*कथन (ग) : 'अरी सरलते' कवि के स्वभाव के लिए प्रयोग किया गया है।*

'आत्मकथ्य' कविता की पंक्तियों के आधार पर कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल कथन (क) सही है।
(b) केवल कथन (ख) सही है।
(c) केवल कथन (क) और (ग) सही है।
(d) केवल कथन (ख) और (ग) सही है।

2 *"या अपने ही सरगम को लाँघकर,* 1
*चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद नाद में।"*

गायन की असीम दुनिया में भटकने की संभावनाएँ __________ के साथ होती हैं।
(a) संगतकार
(b) राग-रागिनी
(c) मुख्य गायक
(d) स्वरों के समूह

| **खंड 'ब'** | **वर्णनात्मक प्रश्न** | **40 अंक** |
|---|---|---|

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए।** (3x2=6)

1 किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए कि बालगोबिन भगत कबीरपंथी थे। 2

2 *'धरती से कुछ ज़्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें।'* 2
'एक कहानी यह भी' में लेखिका ने अपनी माँ की तुलना धरती से करते हुए उन्हें अति सहनशील बताया है। अपने निकट के किस व्यक्ति को आप यह स्थान देना चाहेंगे? कोई दो कारण लिखिए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

3 लेखक के अनुसार संस्कृति क्या है? संस्कृति की परिभाषा के आधार पर सांस्कृतिक विरासत किसे कहा जा सकता है? 2

4 *'हिरन अपनी ही महक से परेशान पूरे जंगल में उस वरदान को खोजता है जिसकी गमक उसी में समाई है।'* 2
लेखक ने बिस्मिल्ला खाँ के लिए उपर्युक्त संदर्भ का प्रयोग क्यों किया है? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए।** **(3x2=6)**

1 *'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।* 2
*समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।'*
कृष्ण किस प्रकार की राजनीति कर रहे हैं? गोपियाँ श्रीकृष्ण से क्यों नाराज़ हैं?

2 *'मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती* 2
*वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर और काँपती हुई थी'*
उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर मुख्य गायक और संगतकार की एक-एक विशेषता लिखिए।

3 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में अपरिचित कवि ने नवजात शिशु के मौन से भी बहुत-सी बातें की हैं। वर्तमान संदर्भ में क्या कोई अपरिचित व्यक्ति शिशु के इतना समीप जाकर उसकी मोहकता का वर्णन कर सकता है? 'हाँ' या 'ना' का कारण समझाते हुए लिखिए। 2

4 'अट नहीं रही है' कविता में कवि किसके सौंदर्य पर मोहित है? कारण सहित लिखिए। 2

**प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए।** **(2x4=8)**

1 *'पाँच सौ बार कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़ों पर राम नाम लिखकर आटे की गोलियों में लपेटते और उन गोलियों को लेकर गंगा जी की ओर चल पड़ते। उस समय भी हम उनके कंधे पर विराजमान रहते थे।...एक-एक आटे की गोलियाँ फेंककर मछलियों को खिलाने लगते...।'* 4
इन पंक्तियों के आधार पर भोलानाथ के पिता की चार चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2

| स्तंभ (I) - पाठ के वाक्य | स्तंभ (II) - मूल विचार |
|---|---|
| (क) आसमान उलटा पड़ा था और सारे तारे बिखरकर नीचे टिमटिमा रहे थे। | (i) अंधविश्वास, पाप-पुण्य और कल्पनाएँ |
| (ख) विज्ञान की प्रगति के बाद भी देश की आत्मा एक जैसी ही है। | (ii) बादलों की मोटी चादर से बादलमय आकाश का नज़ारा |
| (ग) सब छू-मंतर...जैसे जादू की छड़ी घुमाई गई हो। | (iii) आश्चर्यजनक कल्पना की पराकाष्ठा |

4

'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्तंभ (I) का स्तंभ (II) से सही मिलान कीजिए और प्रत्येक मिलान के लिए एक-एक वाक्य लिखिए।

3 *'सभी लेखक कृतिकार नहीं होते और उनकी सभी रचनाएँ 'कृति' नहीं होतीं।'* 4

'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लेखक के दृष्टिकोण से 'कृति' का अर्थ स्पष्ट करते हुए संपादक, प्रकाशक और आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लिखने वाले लेखकों के बारे में बताइए।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए। (1x6=6)**

(क) मज़दूरों की समस्याएँ 6

- उचित मज़दूरी का नहीं मिलना
- कार्यस्थल तथा आवास स्थल पर सुविधाओं का अभाव
- दक्षता के अनुकूल कार्य का नहीं मिलना
- संघर्षपूर्ण जीवन

(ख) मनपसंद फ़िल्म की समीक्षा 6

- प्रसिद्ध सिनेमाहॉल में सिनेमा देखने जाना
- घर आकर उत्साहपूर्वक फ़िल्म के बारे में सब कुछ बताना
- स्वतंत्रता से अपने विचार व्यक्त करना
- पात्र, अभिनय, कलाकार, पटकथा, संगीत आदि सभी पर टिप्पणियाँ करना

(ग) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

- अकेले व्यक्ति द्वारा बड़ा कार्य करने में असक्षमता
- समान विचार/धारणा वाले व्यक्तियों को एकजुट करना 6
- एकता से अर्जित उपलब्धि के उदाहरण
- बड़े स्तर का बदलाव लाना

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों मे पत्र लिखिए।** (1x5=5)

1 अपने राज्य के ग्रामीण इलाकों में पुस्तकालय स्थापित करने हेतु मुख्य सचिव को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

2 छोटे-मोटे रोगों के लिए नाना जी द्वारा बताए गए प्राथमिक उपचार और घरेलू नुस्खों को लिखकर आपने अपनी एक छोटी-सी पुस्तिका बनाई है। इसमें से प्रति सप्ताह एक नुस्खे को 'नाना जी का ख़ज़ाना' शीर्षक से समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने लगा है। इस बारे में बताते हुए नाना जी को पत्र लिखिए। 5

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करके लिखिए।** (1x5=5)

1 प्राथमिक कक्षाओं के लिए वर्णमाला से संबंधित गतिविधियों और चार्ट आदि बनाने में आप प्रारंभ से ही निपुण हैं। किसी प्रकाशक को अपनी प्रतिभा से अवगत करवाने और ग्राफ़िक डिज़ाइनर के पद के लिए आवेदन करने हेतु एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

2 विद्यालय में आप पहली बार 'अंतरराज्यीय हिंदी दिवस प्रतियोगिता' का आयोजन करना चाहते हैं। इस संबंध में लगभग 80 शब्दों में प्रधानाचार्या को ई-मेल लिखिए। 5

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करके लिखिए।** (1x4=4)

1 आपके मित्र ने बच्चों व किशोरों के लिए मनोरंजक व ज्ञानवर्धक पुस्तकों की दुकान शुरू की है। इसके प्रचार-प्रसार हेतु 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

2 शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के कारण आपके शिक्षक को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। अपने शिक्षक को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए। 4

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# CBSE

अतिरिक्त अभ्यास पत्र – अंक योजना

विषय : हिंदी (कोड-002)

**कक्षा : X | सत्र : 2023-24**

## खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न

| प्र.सं. | उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1.1 | (d) दृढ़ इच्छाशक्ति के | 1 |
| 1.2 | (c) सफलता | 1 |
| 1.3 | (d) हम लक्ष्य को लेकर कोशिश करते रहेंगे | 1 |
| 1.4 | (b) कथन (क) सही और कथन (ख) गलत है। | 1 |
| 1.5 | (b) भाग्यवाद छोड़ें और कर्मवाद अपनाएँ | 1 |
| 2.1 | (b) बारिश | 1 |
| 2.2 | (d) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है। | 1 |
| 2.3 | (b) बिजली की परतों की | 1 |
| 2.4 | (d) बादलों के आगमन से प्रकृति के उत्साह | 1 |
| 2.5 | (d) मानवीकरण | 1 |
| 3.1 | (c) केवल (क) और (ख) | 1 |
| 3.2 | (c) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii) | 1 |
| 3.3 | (d) कथन (क) सरल और कथन (ख) मिश्र वाक्य है। | 1 |
| 3.4 | (a) (क) और, (ख) ज्यों, त्यों | 1 |
| 3.5 | (d) लेकिन | 1 |
| 4.1 | (a) कर्म की प्रधानता, कर्ता अनुपस्थित | 1 |
| 4.2 | (d) कर्ता के साथ 'से', 'के द्वारा' परसर्गों का प्रयोग होता है। | 1 |
| 4.3 | (b) (क) कर्तृवाच्य का उदाहरण है। (ख) उसका कर्मवाच्य में रूपांतरण है। | 1 |
| 4.4 | (a) (क) कर्तृवाच्य, (ख) कर्मवाच्य | 1 |
| 4.5 | (a) केवल (क) और (ख) सही है। | 1 |
| 5.1 | (b) झटपट | 1 |
| 5.2 | (b) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल | 1 |
| 5.3 | (a) अनिश्चित परिमाणवाचक, मिठाई, स्त्रीलिंग | 1 |
| 5.4 | (a) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्म कारक | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| 5.5 | (d) बहुत | 1 |
| 6.1 | (d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | 1 |
| 6.2 | (d) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii) | 1 |
| 6.3 | (d) अतिशयोक्ति | 1 |
| 6.4 | (d) जड़ पदार्थों पर मानवीय क्रियाएँ करने का आरोप लगाने पर मानवीकरण अलंकार होता है। | 1 |
| 6.5 | (b) (क) और (ख) में उत्प्रेक्षा और (ग) में मानवीकरण अलंकार है। | 1 |
| 7.1 | (d) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी। | 1 |
| 7.2 | (d) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था | 1 |
| 7.3 | (a) शारीरिक गठन, भाव-भंगिमाओं | 1 |
| 7.4 | (b) पानवाला आधा-अधूरा उत्तर दे रहा था | 1 |
| 7.5 | (c) कथन (क), (ख) सही हैं किंतु (ग) गलत है। | 1 |
| 8.1 | (c) खानदानी रईसों का ढंग | 1 |
| 8.2 | (c) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| 9.1 | (d) क्षत्रियों का संहार करने वाले | 1 |
| 9.2 | (d) लक्ष्मण को बालक समझने | 1 |
| 9.3 | (c) कथन (क) गलत और कथन (ख) सही है। | 1 |
| 9.4 | (c) धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था | 1 |
| 9.5 | (d) लक्ष्मण को डराने के लिए | 1 |
| 10.1 | (c) केवल कथन (क) और (ग) सही है। | 1 |
| 10.2 | (c) मुख्य गायक | 1 |

## वर्णात्मक प्रश्न

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 11.1 | (1) नियमित रूप से कबीर मठ जाना<br>(2) कबीर के पदों को हमेशा गाते रहना<br>(3) कथनी और करनी में अंतर नहीं करना<br>(4) सादा और सरल जीवन जीना<br>(5) पुत्र की मौत पर भी विचलित नहीं होना<br>(6) कर्मकांड को न मानना<br>(7) पतोहू को दूसरी शादी कर घर बसाने के लिए कहना<br>(8) हमेशा सच बोलना और दूसरों से बढ़िया व्यवहार करना<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें।* | 2.0 |
| 11.2 | (क) व्यक्ति का नाम, जैसे- मेरी नानी<br>(ख) कारण-<br>1. वे कभी किसी पर गुस्सा नहीं करती हैं। | 2.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | 2. कठिन परिस्थितियों में भी डटी रहती हैं।<br>3. वे बहुत सेवाभाव से काम करती हैं।<br><br>*नाम लिखने पर 1 अंक और दो कारण लिखने पर प्रत्येक कारण के लिए 0.5 अंक दें।* | |
| 11.3 | (1) मानव जीवन का चिंतन और कलात्मक सृजन ही संस्कृति है।<br>(2) वह सामर्थ्य, प्रवृत्ति और प्रेरणा जो हम अपने पुरखों से अकस्मात प्राप्त करते हैं, उसे सांस्कृतिक विरासत कहते हैं।<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 2.0 |
| 11.4 | (1) पाँच वक्त नमाज़ पढ़ना और सच्चा सुर पाने की प्रार्थना करना<br>(2) हिरन की तरह अपनी खूबी से अनजान होना/विनम्र होना/ खुद को महान न समझना<br><br>*इस प्रकार का उत्तर लिखने पर 2 अंक दें।* | 2.0 |
| 12.1 | (1) छल और कपटपूर्ण व्यवहार<br>(2) श्रीकृष्ण स्वयं नहीं आकर ब्रज की युवतियों को उद्धव के माध्यम से योग-साधना का संदेश भिजवा रहे हैं। | 2.0 |
| 12.2 | (1) मुख्य गायक - मुख्य गायक की चट्टान जैसी भारी गंभीर आवाज़ का होना/बुलंद आवाज़ होना/आवाज़ में आत्मविश्वास होना<br><br>*इनमें से कोई भी एक सही विशेषता लिखने पर 1 अंक दें।*<br><br>(2) संगतकार - संगतकार की मधुर किंतु काँपती हुई आवाज़ का होना/आवाज़ में आत्मविश्वास की कमी होना/आवाज़ में मधुरता होना<br><br>*इनमें से कोई भी एक सही विशेषता लिखने पर 1 अंक दें।* | 1.0<br><br><br><br><br>1.0 |
| 12.3 | (क) हाँ- शिशु से सभी का प्रेम होना/उनकी भाव-भंगिमाओं का स्वाभाविक रूप से सुंदर वर्णन करना<br>(ख) ना- अपरिचित के पास आने से अनर्थ की आशंका/अनावश्यक प्रशंसा से अनिष्ट का संदेह/अपरिचित की मंशा पर अविश्वास/वर्तमान प्रतिकूल परिस्थितियाँ<br><br>*इस प्रकार 'हाँ' या 'ना' का तर्कसहित कारण लिखने पर 2 अंक दें।* | 2.0 |
| 12.4 | (1) वसंत ऋतु पर<br>(2) हरे-भरे पेड़, फूल और हरियाली के कारण सब कुछ रंगीन और आकर्षक लगना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 2.0 |
| 13.1 | (1) ईश्वर भक्त - भक्ति-भावना से ओत-प्रोत होना<br>(2) सेवा भाव - मूक प्राणियों की सेवा करना<br>(3) कार्य के प्रति निष्ठा - कार्यों को निष्ठा के साथ करना, जैसे- कागज़ के 500 टुकड़े बनाना, राम नाम लिखना, मछलियों को खिलाना आदि।<br>(4) स्नेही पिता - अधिकतर समय भोलानाथ के साथ व्यतीत करना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 4.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| 13.2 | (क) सही मिलान- (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)<br><br>*सही मिलान करने पर 1 अंक दें।*<br>वाक्य<br>(क) धरती पर इतना सुंदर नज़ारा देखना कि मानो तारों से भरा आकाश धरती पर आ गया हो और तारे टिमटिमा रहे हों।<br>(ख) प्रेयर व्हील के बारे में लोगों की मान्यताओं को सुनकर विज्ञान की प्रगति से वर्तमान अंधविश्वासों को जोड़ना।<br>(ग) आकाश में अचानक छाने वाले बादलों के कारण सभी नज़ारों का बादलमय होकर गायब हो जाना<br><br>*प्रत्येक बिंदु के लिए सही वाक्य लिखने पर 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 1.0<br><br><br><br>3.0 |
| 13.3 | (क) कृति का अर्थ- तटस्थ होकर लिखने का भीतरी आनंद/लेखन के बाद प्राप्त होने वाला आत्म संतोष<br><br>*सही उत्तर लिखने पर 1 अंक दें।*<br><br>(क) संपादक के कहने पर अपनी लेखनी चलाने वाले लेखक<br>(ख) प्रकाशकों की माँग के आधार पर उनकी सामग्री के बिक्री के उद्देश्य की पूर्ति हेतु लिखने वाले लेखक<br>(ग) अपनी आय के साधन के रूप में किसी के अधीन कार्यरत लेखक<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 1.0<br><br><br><br>3.0 |
| 14 | <u>विषयवस्तु</u><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [1]<br>(2) मौलिकता (सृजनात्मकता के साथ प्रभावपूर्ण भाषा तथा लेखन-शैली का स्वाभाविक रूप से प्रयोग करना) [1]<br>(3) सीमित शब्दों में विषय के सभी पक्षों को संयोजित करना [0.5]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br><u>प्रस्तुति</u><br>(1) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br>(2) भूमिका तथा निष्कर्ष का होना [1]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br><u>भाषाई शुद्धता</u><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।* | 3.0<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>2.0<br><br><br><br><br><br><br><br>1.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | *शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | |
| 15.1 | **प्रारूप**<br>औपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना<br>• दिनांक एवं विषय-संकेत [0.25]<br>• प्रेषक का पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का पता [0.25]<br>• संबोधन [0.25]<br>• भूमिका तथा निष्कर्ष का होना [0.1]<br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**विषयवस्तु**<br>• विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>• सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.25]<br>• भूमिका तथा समापन का होना [0.25]<br>• क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [0.5]<br>• विचारों को औपचारिक शब्दों में प्रस्तुत करना [0.25]<br>• शब्द-सीमा का पालन [0.25]<br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**भाषाई शुद्धता**<br>• व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>• वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 2.0<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>2.0<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1.0 |
| 15.2 | **प्रारूप**<br>(1) अनौपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना [1]<br>• दिनांक [0.25]<br>• प्रेषक का नाम और पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का नाम और पता [0.25]<br>• संबोधन एवं अभिवादन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**विषयवस्तु** | 1.0<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>3.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | (1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [1]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.5]<br>(3) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (परिचित और अपरिचित शब्दों की शुद्ध वर्तनी का उचित प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1.0 |
| 16.1 | **प्रारूप**<br>(1) प्रेषक और प्राप्तकर्ता का पता [0.25]<br>(2) दिनांक एवं विषय-संकेत [0.25]<br>(3) विविध सूचनाओं का क्रमबद्ध प्रवाह [0.25]<br>(4) संबोधन एवं औपचारिक समापन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**विषयवस्तु**<br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) विज्ञापन के आधार पर विज्ञापित पद के लिए स्वयं को योग्य सिद्ध करने का सामर्थ्य [0.5]<br>(3) ईमानदार, स्पष्ट और व्यवस्थित विवरण (व्यक्तिगत परिचय, पता, संपर्क सूत्र, टेलीफोन, मोबाइल, ई-मेल, शैक्षणिक व व्यावसायिक योग्यताओं का विवरण, अन्य संबंधित योग्यताओं, विशेष उपलब्धियों का विवरण, उद्घोषणा) [0.5]<br>(4) उम्मीदवार पद और संस्थान के प्रति गंभीरता और अभिरुचि [0.5]<br>(5) विचारों को औपचारिक शब्दों में प्रस्तुत करना [0.5]<br>(6) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5] | 1.0<br><br>3.0<br><br>1.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | (2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | |
| 16.2 | **प्रारूप**<br>औपचारिक ई-मेल के सभी अंग सुनिश्चित करना<br><br>(1) प्रेषक का ई-मेल पता [0.25]<br>(2) प्राप्तकर्ता का ई-मेल पता [0.25]<br>(3) सीसी या बीसीसी पता [0.25]<br>(4) विषय-संकेत [0.05]<br>(5) संबोधन [0.25]<br>(6) समापन और हस्ताक्षर [0.25]<br>(7) अटैचमेंट/संलग्न [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**विषयवस्तु**<br><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-सम्बद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.25]<br>(3) भूमिका तथा समापन का होना [0.25]<br>(4) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [0.5]<br>(5) विचारों को औपचारिक शब्दों में प्रस्तुत करना [0.25]<br>(6) शब्द-सीमा का पालन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**भाषाई शुद्धता**<br><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 2.0<br><br>2.0<br><br>1.0 |
| 17.1 | **विषयवस्तु** | 1.5 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | (1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) पूर्णता (सीमित शब्दों में विज्ञापन के सभी पक्षों को संयोजित करना- क्या/कौन/कब/क्यों आदि।) [0.5]<br>(3) लुभावनी, आकर्षक व प्रेरक भाषा का प्रयोग [0.25]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**प्रस्तुति**<br>(1) विज्ञापित वस्तु का नाम [0.25]<br>(2) विज्ञापित वस्तु के गुण [0.5]<br>(3) संपर्क हेतु सूचना (फ़ोन नंबर आदि) [0.25]<br>(4) सृजनात्मकता [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>**भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1.5<br><br>1.0 |
| 17.2 | विषयवस्तु<br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [1]<br>• सरल भाषा का प्रयोग एवं सारगर्भिता [0.5]<br>• शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br>प्रस्तुति<br>(1) संदेश को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करना तथा सभी अंगों का उचित जगह होना [1]<br>• तिथि एवं समय [0.25]<br>• संदेश लेखक का नाम व पद [0.25]<br>• विषय-संकेत [0.25]<br>• अभिवादन [0.25]<br>(2) सृजनात्मकता एवं मौलिकता [0.5]<br>(3) विषयानुकूल दोहे, तुकांत पदों, श्लोक, रचनात्मक पंक्तियों का प्रयोग [0.5] | 1.0<br><br>2.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | *हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।*<br><br><u>भाषाई शुद्धता</u><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1.0 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in